आर. के. पद्मनाभ
अकादेमी पुरस्कारः कर्नाटक गायन संगीत

R.K. PADMANABHA
Akademi Award: Carnatic Vocal

कर्नाटक के रुद्रपटना में 26 सितंबर 1949 को जन्मे, श्री आर. के. पद्मनाभ कर्नाटक संगीत के प्रतिष्ठित गायक हैं। आपने एन. नंजुंदास्वामी और एच. आर. सीताराम शास्त्री जैसे गुरुओं से कर्नाटक संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

श्री पद्मनाभ ने 38 नए रागों की रचना की है और विविध विषयों पर 500 से अधिक संगीत रचनाओं का सृजन किया है। आपने भारतीय संगीत के प्रचार–प्रसार के लिए कर्नाटक के रुद्रपटना में सप्तस्वर देवता मंदिर और द्वादश स्वर स्तम्भ की स्थापना की है। आपने देश–विदेश के प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी है और बहुत से छात्रों को कर्नाटक संगीत में प्रशिक्षित भी किया है।

भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा वर्ष 2021 में श्री पद्मनाभ पर एक विशेष डाक आवरण जारी किया गया था। कर्नाटक सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा आप पर एक वृत्तचित्र भी बनाया गया है। आपके गायन की कई रिकॉर्डिंग उपलब्ध हैं।

कर्नाटक संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए, आपको देश–विदेश के कई सांस्कृतिक संस्थानों द्वारा उपाधियों और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिनमें कर्नाटक गानकला परिषद द्वारा दिया गया गानकलाभूषण (2002), कर्नाटक सरकार द्वारा दिया गया राज्योत्सव पुरस्कार (2004), संगीत नृत्य अकादमी, कर्नाटक द्वारा दिया गया कर्नाटक कलाश्री (2011), और डॉ. पुत्तराजा गवई प्रतिष्ठान, धारवाड़ द्वारा दिया गया पुत्तराजा राष्ट्रीय पुरस्कार (2018) शामिल हैं।

श्री आर. के. पद्मनाभ को कर्नाटक गायन संगीत में योगदान के लिए वर्ष 2020 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 26 September 1949 at Rudrapatna in Karnataka, Shri R.K. Padmanabha, a distinguished Carnatic vocalist, received his training in Carnatic music from N. Nanjundaswamy and H.R. Seetaraama Shastry.

Shri Padmanabha has created 38 new ragas and has composed more than 500 compositions on diverse subjects. He established Sapthaswara Devatha Mandir and Dwaadasha Swara Stambha in Rudrapatna in Karnataka for the promotion of Indian music. Shri R.K. Padmanabha has performed in many prestigious music festivals in India and abroad. He has trained many students.

The Department of Post, Government of India, has published a special postal cover on Shri Padmanabha in 2021. A documentary has also been made on him by the Tourism Department, Government of Karnataka. He has many recordings to his credit.

For his contribution in the field of Carnatic music, he has been honoured with many prestigious titles and awards from various prestigious cultural institutions around the world. These include the Ganakalabhushana from Karnataka Ganakala Parishath (2002), the Rajyotsava Award bestowed by the Government of Karnataka (2004), the Karnataka Kalashree by Sangeeta Nruthya Academy, Karnataka (2011), and the Puttaraaja National Award conferred by Dr Puttaraja Gawai Pratishthan, Dharwad (2018).

Shri R.K. Padmanabha receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2020 for his contribution to Carnatic vocal music.